# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–माध्य/गुण. एवं प्रशि. अनु./गुण प्र./61198/FLN/2022-23 दिनांक : यथा ई–हस्ताक्षर

**समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक,**
**स्कूल शिक्षा।**

**विषय :–** सत्र 2025–26 में कक्षा 1 एवं 2 के विद्यार्थियों हेतु SA–3 मूल्यांकन बाबत दिशा–निर्देश।

**प्रसंग :–** शासन के पत्र दिनांक : 08.02.2026 (राजकाज संदर्भ संख्या :20403760) के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं प्रसंगानुसार सत्र 2025–26 में कक्षा 1 एवं 2 के विद्यार्थियों हेतु SA–3 मूल्यांकन हेतु नवीन निर्देश निम्नानुसार है–

1. राज्य के समस्त पीएमश्री विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 1 एवं 2 के विद्यार्थियों के लिए SA–3 (Summative Assessment-3) का आयोजन Shikshak App के माध्यम से किया जाना निर्धारित किया गया है। यह मूल्यांकन FLN (Foundational Literacy–Numeracy) लक्ष्यों के अनुरूप संचालित होगा। SA–3 मूल्यांकन की प्रक्रिया, संचालन एवं मॉनिटरिंग हेतु दिशा–निर्देश एवं टाईम –टेबल संलग्न है।

   **मूल्यांकन परीक्षा का स्वरूपः–** समस्त पीएमश्री विद्यालयों मे SA–3 का मूल्यांकन पूर्णतः ऐप आधारित होगा तथा प्रश्नों के उत्तर विद्यार्थियों द्वारा मौखिक/लिखित रूप में दिये जायेंगे, परन्तु उत्तरों की प्रविष्टि शिक्षक द्वारा Shikshak App में की जाएगी। इसके अन्तर्गत प्रत्येक विद्यार्थी का मूल्यांकन पृथक रूप से किया जाएगा, अंतिम सबमिशन के पश्चात उत्तर में किसी प्रकार का संशोधन किया जाना संभव नहीं होगा।

2. पीएमश्री विद्यालयों के अतिरिक्त अन्य समस्त राजकीय विद्यालयों में मूल्यांकन RSCERT द्वारा शालादर्पण के माध्यम से उपलब्ध करवाये गये मूल्यांकन पत्रकों से होगा।
3. पीएमश्री विद्यालयों के अतिरिक्त अन्य समस्त राजकीय विद्यालयों में कक्षा 1 व 2 के लिए इस वर्ष RSCERT द्वारा तैयार किये गये मूल्यांकन पत्रक शालादर्पण के विद्यालय लॉगिन पर उपलब्ध करवाये जायेंगें।

   उक्त प्रश्नपत्रों के माध्यम से SA-3 का आयोजन सुनिश्चित किया जावें। (मूल्यांकन पत्रक/प्रश्नपत्र की गोपनीयता की जिम्मेदारी संबंधित संस्था प्रधान की होगी)
4. समस्त राजकीय विद्यालयों में कक्षा 1 एवं 2 के विद्यार्थियों हेतु SA-3 मूल्यांकन संलग्न समय सारणी के अनुसार आयोजित किया जावे।
5. पीएमश्री विद्यालयों में का मूल्यांकन ऐप के माध्यम से होगा।
6. पीएमश्री विद्यालयों में कक्षा 1 एवं 2 में SA-3 के लिए शालादर्पण पर कोई मॉड्यूल नहीं दिया जायेगा। समस्त प्रविष्टियां ऐप में हुए आकलन से स्वतः प्रदर्शित होगी। अतः निर्धारित तिथि को समस्त विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया जाना सुनिश्चित करें।
7. पीएमश्री विद्यालयों के अतिरिक्त अन्य समस्त राजकीय विद्यालयों में शालादर्पण पर प्रविष्टियां पूर्ववत ही होगीं।

Signature Not Verified

Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2026.03.10 16:52:20 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 20934073
eSign 1.0

अतः के उक्त क्रम में निर्देशित किया जाता है कि आपके अधीनस्थों को वांछित दिशा–निर्देश जारी करते हुए SA-3 मूल्यांकन कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करवाया जाना सुनिश्चित करावें।

**संलग्न :–यथोक्त।**

(सीताराम जाट)
**आई.ए.एस.**
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक(वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

**प्रतिलिपि** : **निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, जयपुर।
2. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
3. निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर। (जरिये–ईमेल)
4. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एनआईसी, जयपुर।
5. उपनिदेशक शालादर्पण को प्रेषित कर लेख है कि उक्तानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करावें।
6. स्टाफ ऑफिसर, माध्यमिक/प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।
7. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।
8. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा।
9. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।
10. समस्त पीईईओ/यूसीईईओ।
11. प्रतिनिधि कन्वेजीनियस/बीसीजी
12. रक्षित पत्रावली।

निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक(वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

Signature Not Verified

Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2026.03.10 16:52:20 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 20934073
eSign 1.0

# कक्षा 1 एवं 2 मूल्यांकन (Assessment) 2026

समस्त कक्षा अध्यापक एवं विषयाध्यापक (कक्षा 1–2) ध्यान दें, आगामी मूल्यांकन प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूर्ण करने हेतु निम्नलिखित निर्देशों का पालन करें:–

## ➢ पूर्व–तैयारी–

- ❖ विद्यालय स्तर पर –
  - कक्षा 1 एवं 2 के सभी विद्यार्थियों की सूची Shikshak App में प्रदर्शित होगी। अत दिनांकः– 05.03.2026 तक शालादर्पण पोर्टल पर विद्यार्थियों के प्रपत्र–5 एवं प्रपत्र–9 पूर्ण रूप से भरे होने सुनिश्चित होना आवश्यक है।
  - कक्षाध्यापक एवं विषयाध्यापक की मैपिंगः शाला दर्पण पर पूर्ण की जानी सुनिश्चित करें।
  - उक्त के अभाव में किसी भी विद्यार्थी का मूल्यांकन नही होने पर संबंधित संस्थाप्रधान की जिम्मेदारी तय की जायेगी।

- ❖ शिक्षक स्तर पर–
  - Shikshak App का Latest Version Install कर Staff Id के Passwaord से लॉगिन करें।
  - यूजर मैनूअल के अनुसार प्रक्रिया का भलीभांति अवलोकन किया जाना सुनिश्चित करावें।
  - निर्धारित मूल्यांकन के मानदण्डों के आधार पर निष्पक्ष अंकन किया जाना सुनिश्चत करें।

## ➢ मूल्यांकन की प्रक्रियाः–

- Shikshak App में लॉगिन करने के पश्चात (Record Assessment) बटन पर क्लिक करें।
- संबंधित विद्यार्थी का चयन कर प्रश्नों के उत्तर रिकॉर्ड करें।
- प्रत्येक प्रश्न के पश्चात "Save and Continue" पर क्लिक करें।
- अंतिम प्रश्न पूर्ण होने पर "Finish Survey" बटन दबाएँ।
- उत्तरों का पुनः अवलोकन कर "Continue" पर क्लिक करें।
- "Continue" दबाने के पश्चात किसी भी प्रकार का संशोधन संभव नहीं होगा।

## ➢ मूल्यांकन संबंधी निर्देशः–

- प्रत्येक विद्यार्थी का निष्पक्ष एवं व्यक्तिगत रूप से मूल्यांकन किया जाए।
- विद्यार्थियों को उत्तर देने हेतु पर्याप्त समय प्रदान किया जाए।
- योगात्मक आकलन–3 में अधिगम उपलब्धि स्तर देने के लिए A, B अथवा ग्रेड C का उपयोग करें। ग्रेड देने के आधार अग्रानुसार हैः–
  - स्वतंत्र रूप से एवं अपेक्षित स्तर पर विद्यार्थी द्वारा प्रश्न का उत्तर दिया गया।
  - शिक्षक की आंशिक सहायता से विद्यार्थी द्वारा प्रश्न का उत्तर दिया गया।
  - शिक्षक की विशेष सहायता से विद्यार्थी द्वारा प्रश्न का उत्तर दिया जा सके।
- एक विद्यार्थी का मूल्यांकन पूर्ण किए बिना अन्य विद्यार्थी का चयन न करें।
- निर्धारित समयावधि में 100 प्रतिशत मूल्यांकन पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

➢ उत्तरदायित्वः–

❖ <u>संस्था प्रधान–</u>

- परीक्षा संचालन की समुचित निगरानी करेंगे।
- सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें।
- निर्धारित समय सीमा में मूल्यांकन पूर्ण करवाएंगे।

❖ <u>शिक्षक–</u>

- समयबद्ध एवं त्रुटिरहित डेटा प्रविष्टि सुनिश्चित करेंगे।
- अंतिम सबमिशन से पूर्व उत्तरों की पुष्टि करेंगे।

❖ <u>ब्लॉक / जिला स्तरीय अधिकारी–</u>

- विद्यालयवार प्रगति की नियमित समीक्षा करेंगे।
- Pending list वाले विद्यालयों से संपर्क कर निर्धारित समयावधि में मूल्यांकन पूर्ण करावाएगें।
- तकनीकी समस्याओं के समाधान हेतु सहयोग प्रदान करेंगे।

➢ विशेष निर्देशः–

- गलत विद्यार्थी के प्रोफ़ाइल में डेटा प्रविष्टि न करें।
- मूल्यांकन की गोपनीयता को बनाए रखें।
- मोबाइल का उपयोग केवल मूल्यांकन कार्य हेतु करें।
- किसी तकनीकी समस्या की स्थिति में तत्काल उच्चाधिकारी / हेल्पडेस्क को सूचित करें।

# —::समय—सीमा::—

| निर्धारित समयावधि की दिनांक | करणीय कार्यवाही |
|---|---|
| 12.03.2026 से 13.03.2026 | ऐप का ट्रायल रन होगा जिसमें विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया जायेगा परंतु उसके अंक नहीं जुडेंगें। प्रति कक्षा न्यूनतम 05 विद्यार्थियों का मूल्यांकन आवश्यक रूप से किया जावे। |
| 16.03.2026 | कक्षा 1—2 के समस्त विद्यार्थियों का हिन्दी विषय मूल्यांकन |
| 17.03.2026 | कक्षा 1—2 के समस्त विद्यार्थियों का अंग्रेजी विषय का मूल्यांकन |
| 18.03.2026 | कक्षा 1—2 के समस्त विद्यार्थियों का गणित विषय का मूल्यांकन |
| 19.03.2026 | दिनांक 16.03.2026 से 18.03.2026 के मध्य अनुपस्थित विद्यार्थियों का मूल्यांकन |

# शिक्षक आकलन निर्देश

1. **सामान्य निर्देश :-**

- विद्यार्थी को प्रश्न/कार्य स्पष्ट रूप से समझाया जाए।
- प्रत्येक प्रश्न को स्पष्ट उच्चारण के साथ पढ़कर सुनाया जाए।
- विद्यार्थी को उत्तर देने के लिए निर्धारित समय दिया जाए।
- यदि विद्यार्थी निर्धारित समय तक प्रतिक्रिया नहीं देता, तो अगला प्रश्न पूछे ।
- प्रश्न को दो बार से अधिक न दोहराएँ।
- विद्यार्थी द्वारा प्रश्नों पर स्थानीय भाषा में दी गयी प्रतिक्रियाएँ भी स्वीकार की जाएँ ।
- विद्यार्थी उत्तर देने के लिए कागज और पेंसिल का उपयोग कर सकता है।

2. **योगात्मक आकलन-3 में अधिगम उपलब्धि स्तर देने के लिए A, B अथवा C ग्रेड का उपयोग करें। ग्रेड देने के आधार :-**

- A: स्वतंत्र रूप से एवं अपेक्षित स्तर पर बच्चे द्वारा प्रश्न का उत्तर दिया गया ।
- B: शिक्षक की आंशिक सहायता से बच्चे द्वारा प्रश्न का उत्तर दिया गया
- C: शिक्षक की विशेष सहायता से बच्चे द्वारा प्रश्न का उत्तर दिया जा सका ।

3. **आकलन प्रक्रिया :-**

- यह व्यक्तिगत (One-to-One) आकलन होगा।
- शिक्षक और एक विद्यार्थी आमने-सामने बैठेंगे।
- प्रश्न मौखिक रूप से पढ़े जाएंगे।
- विद्यार्थी मौखिक उत्तर देगा (जहाँ आवश्यक हो लिखित भी कर सकता है)।
- विद्यार्थी के उत्तर के आधार पर A,B और C ग्रेड अंकित करें ।
- प्रश्न संख्या 5 से 9 तथा 19 से 21 में सही उत्तरों/प्रतिक्रियाओं की संख्या के आधार पर A,B और C ग्रेड अंकित करें ।